हडस हाईस्कूल में साइबर सुरक्षा पर किया मार्गदर्शन



नागपुर । शासकीय न्यायवैज्ञानिक विज्ञान संस्थान नागपुर की ओर से क्वीक हील फाउंडेशन के सहयोग से साइबर शिक्षा फॉर साइबर सुरक्षा के अंतर्गत क्यूएचएफ जीआईएफएसएन 2026–27 क्लब के माध्यम से हडस हाईस्कूल में में साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य अजय लाबडे की उपस्थिति रही। विद्यार्थियों को बढ़ते साइबर अपराध, ऑनलाइन धोखाधड़ी, फिशिंग, सोशल मीडिया सुरक्षा, पासवर्ड की सुरक्षा, व्यक्तिगत जानकारी की गोपनीयता तथा इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। जीआईएफएसएन 2026–27 क्लब, नागपुर के G2 समूह के साइबर वॉरियर्स हर्ष तिवारी एवं सारा शेख, तथा G1 समूह के मितेश गोसावी एवं अमोघ जैस्वार ने विद्यार्थियों के लिए साइबर सुरक्षा पर जानकारीपूर्ण एवं संवादात्मक प्रस्तुति दी। साइबर वॉरियर्स ने विद्यार्थियों को विभिन्न ऑनलाइन खतरों से अवगत कराते हुए उनसे बचाव के लिए आवश्यक सावधानियों और सुरक्षित डिजिटल व्यवहार के बारे में मार्गदर्शन किया।यह संपूर्ण जागरूकता अभियान जीआईएफएसएन 2026–27 क्लब के शिक्षक समन्वयक डॉ. आशिष बडिये के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उन्हें सजग, सुरक्षित और जिम्मेदार डिजिटल नागरिक बनने के लिए प्रेरित करना था। जीआईएफएसएन 2026–27 क्लब नागपुर और क्वीक हील फाउंडेशन की यह संयुक्त पहल साइबर अपराधों से बचाव तथा सुरक्षित डिजिटल वातावरण के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।